कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.04.2025

विषयः- थाना सारनाथ पुलिस द्वारा 17 वर्षीय पीड़िता/अपहृता को पंजाब से सकुशल बरामद किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के गुमशुदा/पीड़िता/अपहृता की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में, थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-560/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफ़र पीडिता/अपहृता (उम्र करीब 17 वर्ष) को दिनांक-03.04.2025 को समय करीब 21.40 बजे गैर प्रान्त लुधियाना पंजाब से सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 07/12/2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने वादी की नाबालिग भाँजी उम्र लगभग 17 वर्ष के घर से कही चले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी में मु0अ0सं0-560/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

बरामद अपहृता/पीडिता का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीडिता, उम्र करीब 17 वर्ष।

बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय- गैर प्रान्त लुधियाना पंजाब से, दिनांक-03.04.2025 को समय करीब 21.40 बजे।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 मुकेश पाल थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3- म0का0 इन्द्रकला थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4- म0का0 प्रतिमा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।